(3)

# GREENLAWNS HIGH SCHOOL
## TERMINAL EXAMINATION YEAR 2017-2018

SUBJECT : HINDI　　　　CLASS : VII
TIME : 2 HOUR　　　　MARKS : 80

सूचना – १) इस प्रश्न पत्र के चार भाग हैं।
२) भाग 'अ' और भाग 'ब' के उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में लिखिए।
३) भाग 'स' और 'द' के उत्तर छोड़ी गई खाली जगहों में लिखकर अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ जोड़ दीजिए।

### भाग – अ

प्रश्न १.निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (१०)

१) जल है तो कल है　　२) गणेश चतुर्थी
३) खेल कूद का महत्व　　४) मेरा भारत

प्रश्न २. नीचे लिखे विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए:- (७)

१) तीन दिन की छुट्टी के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए:-

अथवा

२) खेल प्रतियोगिता में स्वर्णपदक मिलने पर छोटे भाई को बधाई देते हुए पत्र लिखिए:-

प्रश्न ३. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

मैना राजकुमारी थी। वह बिठूर के राजा नाना साहब की राजपुत्री थी। उसने स्वतंत्रता संग्राम में अपने साहस का जो परिचय दिया था, वह इतिहास बन गया।

जब सन् १८५७ ई. का गदर हुआ और अंग्रेज भारत में बुरी तरह छा गए, तो वे कानपुर और बिठूर पर भी चढ़ आए। उन्होंने तोपों के जोर से विद्रोहियों का दमन कर दिया।

नाना साहब कानपुर से ही नहीं भागे, वे बिठूर से भी चले गए। जाते समय वे अपना सारा खजाना कुएँ में डाल गए। यह भेद केवल राजकुमारी मैना को मालूम था। मगर उसने यह भेद अंग्रेजों को नहीं बताया और अपनी जान दे दी।

मैना बारह साल की थी। उसकी पहली नारी नीति यह थी कि अपना भेद दुश्मन को कभी नहीं देना चाहिए।

मैना की दूसरी नारी नीति यह थी कि हँसते-हँसते स्वयं देश पर बलि हो जाओ। अंग्रेजों ने मैना से बहुत पूछा कि उसके पिता नाना साहब कहाँ गए हैं। मगर मैना ने कुछ भी नहीं बताया। वह मौन ही रही।

जब अंग्रेजों को कुछ हासिल नहीं हुआ, तो उन्होंने उसे एक तख्ते पर बाँध दिया और आग लगा दी। मैना ने फिर भी नहीं बताया कि नाना साहब कहाँ गए हैं और अपना खजाना कहाँ छिपाकर गए हैं।

पहले अंग्रेजों ने मैना को धमकाने के लिए आग लगाई थी, फिर वे उसे जलाने लगे, मैना ने उफ़ तक नहीं की। बिठूर की यह राजकुमारी जल गई, पर उसने अंग्रेजों को अपना कोई भेद नहीं बताया। उसकी नारी नीति यही

थी कि दुश्मन के हाथों मौत को प्राप्त हो जाओ, लेकिन उसे अपना भेद नहीं बताओ। जो दुश्मन को अपना भेद देता है, वही देश का सबसे बड़ा गद्दार कहलाता है। देश पर हँसते-हँसते बलिदान हो जाओ यही सच्चा प्रेम है, जो सच्चे देशभक्त होते हैं, वे ही देश के लिए मरते-जीते हैं।

मैना को शिक्षा मिली थी कि तुम्हारा देश परतंत्र है। वह गुलाम है। उसे गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराओ। भारत से अंग्रेजो को भगाओ। यद्यपि उसकी अवस्था अभी छोटी थी, लेकिन फिर भी उसने अपनी महान नारी नीति से काम लिया। जब नाना साहब बिठूर छोड़कर जाने लगे, तो वह उनके साथ नहीं गई। उसका कहना था कि मैं अपनी जन्मभूमि में रहूँगी और अंग्रेजों से लडूँगी।

१) अंग्रेजों द्वारा हमला करने पर नाना साहब ने क्या किया? (२)

२) मैना की नारी नीतियाँ क्या थीं? (२)

३) सबसे बड़ा गद्दार कौन होता है? (२)

४) मैना के अनुसर सच्चे देशभक्त कौन होते हैं? (२)

५) बचपन से ही मैना को क्या शिक्षा मिली थी? (२)

## भाग 'ब' - 'रोली'

प्रश्न ४. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए:- (५X३ =१५)

१) करीम को जनार्दन की कौन-सी बात सही लगी और क्यों?

२) भारती जी के लेखों का भारतीय जन-मानस पर क्या प्रभाव पड़ा?

३) ''झंडा ऐसा हो जो राष्ट्र को संपूर्णता के साथ अभिव्यक्त कर सके।'' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए?

४) यदि राजा अधार्मिक और अन्यायी हो तो उसका क्या परिणाम होगा?

५) भाव स्पष्ट कीजिए:-

''दुष्ट, दुराचारी को अंगार दहकता,
प्रलयंकारी महाकाल-सी नारी है।''

## बालरामायण

प्रश्न ४ ब) प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

१) मंथरा कौन थी? उसने कैकेयी को क्या समझाया और क्यों? (३)

२) भरत चित्रकूट क्यों गए? राम के अयोध्या न लौटने पर उन्होंने क्या किया? (३)

भाग - ''स''

**सूचना – इस भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर छोड़ी हुई खाली जगहों में लिखिए:-**

नाम :———————————————————— कक्षा ———————— अनुक्रमांक ———————

प्रश्न ५. एक वाक्य में उत्तर लिखिए:- (५)

१) वर्तमान तिरंगा संविधान द्वारा कब स्वीकार किया गया?

उ. ————————————————————————————————

२) नारी को किस-किस की ज्ञाता कहा गया है?

उ – ————————————————————————————————

३) राजा ब्रह्मदत्त का स्वभाव कैसा था?

उ ————————————————————————————————

४) बोधिसत्व का आश्रम कहाँ था?

उ – ————————————————————————————————

५) आज संसार किन्हें ताक रहा है?

उ ————————————————————————————————

प्रश्न ६. किसने- किससे कहा :- (३)

१) ''भंते, ये बड़े कड़वे हैं।''

उ———————————————— ने ————————————————

२) ''स्कूल जा रहे हो?''

उ———————————————— ने ————————————————

३)''अरे बेवकूफ! यहाँ आ।''

उ. ———————————————— ने ————————————————

प्रश्न ७. शब्दार्थ लिखिए: (४)

१) मायका ———————————— २) जेहन ————————————

३) जगती ———————————— ४) दुराचारी ————————————

५) बखान ———————————— ६) अमन ————————————

७) अंचल ———————————— ८) नीरस ————————————

प्रश्न ८. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए :- (४)

बदल रहे हैं धरती –अंबर ________________________________

________________________________

________________________________

________________________________

________________________________

है कितना अनजान,

प्रश्न ९. सही कथन के आगे सही ( ✓ ) और गलत के आगे ( ✗ ) का निशान लगाइए :- (२)

१) राष्ट्रध्वज में अंकित चरखा शांति का प्रतीक है। (      )

२) तिरंगे झण्डे की लंबाई तथा चौड़ाई का अनुपात २:३ है। (      )

३) राष्ट्रध्वज में अंकित चक्र हरे रंग का है। (      )

४) भारती का विवाह १८९७ में हुआ। (      )

प्रश्न १०. क) मुहावरों का अर्थ लिखिए। (२)

१) अंगार उगलना ________________________________

२) आँखे नीची होना ________________________________

ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:- (२)

उपवन ____________________ ____________________

किनारा____________________ ____________________

ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए – (२)

ईमानदार × ____________________ अनुलोम ×____________________

घ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- (१)

१) धन से संबंध रखने वाला ________________________________

२) जल में पैदा होनेवाला ________________________________

ड़) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए :- (१)

पंडित ———————————— राष्ट्र ————————————

च) निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम पहचानकर उनके भेद लिखिए:- (२)

१)जो सोता है वह खोता है। ————————————————————

२) माली ने पौधों को स्वयं पानी दिया । ————————————————————

छ) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए:- (१)

भतीजा ———————————— तनय ————————————

ज) निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध कीजिए। (१)

अभीनेता ———————————— आँसु ————————————

झ) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया-विशेषण को रेखांकित कर उसके भेद लिखिए:- (२)

१) बच्चा चलते-चलते गिर पड़ा।:- ————————————————————

२) कल हम मुंबई जाएँगे।————————————————————